भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 4587
गुरुवार 19 मार्च, 2026/28 फाल्गुन, 1948 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

चित्रकूट विमानपत्तन को चालू किया जाना

4587. श्रीमती कृष्णा देवी शिवशंकर पटेलः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि पहले उत्तर प्रदेश के चित्रकूट के विमानपत्तन से पूर्व में हवाई सेवाएं संचालित की जाती थी और यह वर्तमान में बंद हैं, और
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं और उक्त हवाई सेवाओं को फिर से शुरू करने के लिए सरकार द्वारा अब तक क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख) : चित्रकूट हवाईअड्डे को आरसीएस उड़ान स्कीम के तहत विकसित और कार्यशील किया गया था और फ्लाईबिग ने 12 मार्च 2024 को चित्रकूट और लखनऊ के बीच आरसीएस उड़ान परिचालन शुरू किया था। तथापि, लखनऊ हवाईअड्डे पर निर्माण-कार्य के कारण खराब दृश्यता और दिन में रनवे बंद होने के कारण दिसंबर 2024 से सेवाएं बंद कर दी गई थीं।

चित्रकूट को कानपुर, खजुराहो, प्रयागराज और वाराणसी से जोड़ने वाले RCS रूट भी फ्लाईबिग को अवार्ड किए गए हैं, जिसने स्कीम के तहत अपने संविदात्मक अधिकार और दायित्व स्काईहॉप एविएशन प्राइवेट लिमिटेड को सौंप दिए हैं। एयरलाइन डीजीसीए से अपना हवाई परिचालन परमिट प्राप्त करने के लिए प्रक्रियारत है।

******